साहित्य का नोबेल पुरस्कार 2024

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

चर्चा में क्यों?

ऐतिहासिक आघातों और जीवन की नाज़ुकता का पता लगाने वाले **"गहन काव्यात्मक गद्य"** के लिये, **दक्षिण कोरियाई उपन्यासकार हान कांग** को स्वीडिश अकादमी, स्टॉकहोम, स्वीडन द्वारा **वर्ष 2024** के **साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित** किया गया है।

- हान कांग **साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली दक्षिण कोरियाई लेखक** हैं,जो दक्षिण कोरिया के साहित्यिक परिदृश्य के लिये एक ऐतिहासिक क्षण है।

//

हान कांग कौन है?

- **परिचय:** वर्ष 1970 में जन्मी हान कांग एक प्रसिद्ध उपन्यासकार और कवि हैं, उन्हें उनके **गहन काव्यात्मक गद्य के लिये जाना जाता है,** जिसमें गीतात्मकता एवं कथात्मकता का संयोजन है। उनकी शैली ने शारीरिक और भावनात्मक सहानुभूति को विशिष्ट ढंग से सम्मिश्रित करके समकालीन साहित्य को पुनर्परिभाषित किया है।
- **प्रमुख साहित्यिक योगदान:**
  - **द वेजटेरियन (वर्ष 2007):** यह उनका सफल उपन्यास था, जिसका **अनुवाद वर्ष 2015 में डेबोरा स्मिथ ने किया** और इसने **वर्ष 2016 का मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार** जीता।
    - अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार, **जिसे वर्ष 2005 में मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार** के रूप में स्थापित किया गया था, **अंग्रेज़ी में अनुवादित और साथ ही यूनाइटेड किंगडम या आयरलैंड में प्रकाशित** किसी एकल उपन्यास के लिये दिया जाता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक साहित्य को बढ़ावा देना तथा **लेखक व अनुवादक दोनों** के योगदान को प्रोत्साहित करना शामिल है।
  - **ह्यूमन एक्ट्स (वर्ष 2016)** : वर्ष 1980 के ग्वांगजू नरसंहार पर केंद्रित है, जहाँ दक्षिण कोरियाई सैन्य बलों ने प्रदर्शनकारी छात्रों एवं नागरिकों को मार डाला था।
    - यह पुस्तक आघात और सामूहिक स्मृति का दूरदर्शी कृति संक्षिप्त तरीके से अन्वेषण करती है।

नोट: वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार रवीन्द्रनाथ टैगोर को **"उनकी अत्यधिक मार्मिक और सुंदर कविता"** के लिये प्रदान किया गया था, जिसे उन्होंने अपने अंग्रेज़ी शब्दों में व्यक्त किया तथा पश्चिमी साहित्य का हिस्सा बनाया।

- रवींद्रनाथ टैगोर के उल्लेखनीय साहित्यिक योगदानों में मानसी, गीतांजलि, साधना: जीवन का बोध, **तथा** चित्रा: एक नाटक शामिल हैं।
- वर्ष 2023 के लिये साहित्य का नोबेल पुरस्कार नॉर्वे के **लेखक और नाटककार जॉन फॉसे** को उनके अभिनव नाटकों और गद्य के लिये दिया गया, जो अवर्णनीय को आवाज़ देते हैं।"

नोबेल पुरस्कार (Nobel Prize)

- अल्फ्रेड नोबेल (डायनामाइट के आविष्कारक) के वसीयतनामे के अनुसार स्थापित।
- यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान मानव जाति को अधिकतम लाभ प्रदान किया है।
- पहली बार ये पुरस्कार वर्ष 1901 में दिये गए।
- पुरस्कार 6 श्रेणियों में दिये जाते हैं:

भौतिकी
रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज

रसायन
रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज

फिजियोलॉजी या चिकित्सा
कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट की नोबेल असेंबली

साहित्य
स्वीडिश एकेडमी

शांति
नार्वे की नोबेल कमेटी

अर्थशास्त्र (स्वीडन के सेंट्रल बैंक द्वारा 1968 में स्थापित)
रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज

- पुरस्कार समारोह का आयोजन हर साल दिसंबर में स्टॉकहोम, स्वीडन में किया जाता है।
  - शांति पुरस्कार स्टॉकहोम समारोह में नहीं दिया जाता है बल्कि यह हर साल उसी दिन ओस्लो, नॉर्वे में दिया जाता है।
- प्रत्येक नोबेल पुरस्कार विजेता एक स्वर्ण पदक, एक डिप्लोमा और एक मौद्रिक पुरस्कार प्राप्त करता है।
- नोबेल पुरस्कार मरणोपरांत नहीं दिया जा सकता है। साथ ही साझा रूप से अधिकतम 3 लोगों को ही नोबेल पुरस्कार दिया जा सकता है।
- नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय: रवींद्रनाथ टैगोर, साहित्य के लिये (1913)
  - नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला: मदर टेरेसा, शांति के लिये (1979)

नोबेल पुरस्कार 2024 की अन्य घोषणाओं का संदर्भ: **भौतिकी, फजियिोलॉजी या चकिति्सा, रसायन वजि्ञान** में नोबेल पुरस्कार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-nobel-prize-in-literature-2024